दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 09 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 343

## पीडीआरएल ने लॉन्च किया भारत का पहला सास प्लेटफॉर्म भूमीट

### ड्रोन सेवा प्रदाताओं को किसानों से जोड़ेगा भूमीट

नई दिल्ली । आरएनएस



ड्रोन तकनीकी में अग्रणी इनोवेटर, पीडीआरएल, ने एक उन्नत सास प्लेटफ़ॉर्म भूमीट के लॉन्च की घोषणा की है। यह प्लेटफॉर्म कृषि सम्बंधी छिडक़ाव और सर्वेक्षण जैसी आवश्यक ड्रोन सेवाओं तक पहुँचने और उनका प्रबंधन करने के तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ड्रोन सेवा प्रदाताओं और किसानों के बीच की खाई को पाटकर, भूमीट भारत में ड्रोन छिडक़ाव संचालन के परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार है। भरोसेमंद ड्रोन सेवाओं का पता लगाने और ऑपरेशनल वर्कफ़्लो को अनुकूलित करने के लिए भूमीट एक सहज एवं कुशल समाधान प्रदान करता है। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और कृषि पर लाखों लोगों की अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहते हैं। भारत में ड्रोन तकनीक के एकीकरण के लिए बहुत संभावनाएँ हैं। विश्व बैंक के अनुसार, 2021 तक भारत में कृषि भूमि 17 लाख 80 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक फैली हुई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किया गया कृषि परिवारों की स्थिति आकलन (सास) रिपोर्ट का अनुमान है कि 9 करोड़ से 15 करोड़ किसान सक्रिय रूप से खेती-किसानी में लगे हुए हैं, जिनमें छोटे किसानों से लेकर बड़े पैमाने पर खेती करने वाले भूमि मालिक तक शामिल हैं। यह देखते हुए कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न, फल और सब्जियों का उत्पादक है, और चीनी का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक भी है, कृषि में ड्रोन का उपयोग सिर्फ कीटनाशक छिडक़ाव तक सीमित नहीं है, बल्कि उससे कहीं आगे तक है। ड्रोन फसल निगरानी एवं स्वास्थ्य मूल्यांकन, सटीक कृषि, क्षेत्र मानचित्रण एवं सर्वेक्षण, फसल स्काउटिंग एवं निगरानी, रोपण एवं बीजारोपण, सिंचाई प्रबंधन, पशुधन निगरानी और कटाई के बाद के मूल्यांकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

पीडीआरएल के संस्थापक एवं सीईओ, अनिल चंडालिया ने कहा कि भारत द्वारा अपने कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाना जारी है, इसलिए पीडीआरएल में हम सब भूमीट को पेश करने पर गर्व महसूस करते हैं। भूमीट एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जो किसानों के आवश्यक ड्रोन सेवाओं तक पहुँचने के तरीके को मौलिक रूप से बदल देगा। किसानों और विश्वसनीय सेवा प्रदाताओं के बीच की खाई को पाटकर, भूमीट न केवल परिचालन दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि कृषि समुदाय को सशक्त बनाता है ताकि वे ड्रोन तकनीक की पूरी क्षमता का दोहन कर सकें। हमारा मानना है कि भूमीट उद्योग में नए मानक स्थापित करेगा और पूरे देश में कृषि को आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2022 में शुरू की गई किसान ड्रोन योजना पूरे भारत में कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना का प्राथमिक लक्ष्य छिडक़ाव जैसे कार्यों को सुव्यवस्थित करने, श्रम एवं समय निवेश को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए ड्रोन का उपयोग करके किसानों को सशक्त बनाना है। सरकार इस पहल के इष्टतम उपयोग की सुविधा प्रदान करते हुए किसानों को सहायता प्रदान करती है।किसानों को विश्वसनीय ड्रोन सेवा प्रदाताओं से जोडऩाऐसे युग में जहाँ ड्रोन विभिन्न कार्यों के लिए तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं, भूमीट किसानों और ड्रोन सेवा प्रदाताओं के बीच जुड़ाव को सुव्यवस्थित करने के लिए एक व्यापक समाधान के रूप में उभर कर आया है। उपयोगकर्ताओं को सेवा प्रदाताओं के सेवा रिकॉर्ड और निकटता के आधार पर, भूमीट शीर्ष ड्रोन सेवा प्रदाताओं को खोजने और उन्हें काम पर रखने में सक्षम बनाता है, जिससे कुशल और स्थानीयकृत सेवा वितरण सुनिश्चित होता है। ड्रोन सेवा प्रदाताओं के लिए, यह प्लेटफ़ॉर्म उनकी पहुँच का विस्तार करने, संभावित ग्राहकों से जुडऩे और बेहतर सेवा प्रबंधन के माध्यम से व्यवसाय विकास को बढ़ावा देने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

## 50 टीचरों को दिया जाएगा नेशनल टीचर अवॉर्ड, राष्ट्रपति मुर्मू अपने हाथों से करेंगी सम्मानित

नई दिल्ली । आरएनएस



देश 5 सितंबर को डॉ. सर्वपल्ली कृष्णन की जयंती के रूप में शिक्षक दिवस मनाया रहा है। इस अवसर पर, शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग हर साल देश के बेस्ट टीचर्स को नेशनल अवॉर्ड देने के लिए राष्ट्रीय स्तर का समारोह आयोजित करता है। इस साल विभाग ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 50 शिक्षकों का चुना है, जिन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा विज्ञान भवन में शाम 4.15 बजे सम्मानित किया जाएगा।

28 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेश से नाम

ये पुरस्कार विजेता 28 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और 6 संगठनों से चुने गए हैं। लिस्ट में 34 पुरुष और 16 महिला टीचरों के नाम शामिल हैं, जिनमें 2 दिव्यांग शिक्षक और 1 ऐसा शिक्षक शामिल है जो विशेष रूप से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं। इन 50 शिक्षकों के अलावा, उच्च शिक्षा विभाग के 16 शिक्षक और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के 16 शिक्षकों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

## असम : 2,200 करोड़ के ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में 68 गिरफ्तार

गुवाहाटी । आरएनएस



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को बताया कि 2,200 करोड़ रुपये के ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले के सिलसिले में कम से कम 68 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सरमा ने कहा, पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में शामिल 68 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसकी जांच जारी है और आगे की जानकारी बहुत जल्द सामने आएगी। मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि वे धोखेबाजों के जाल में न फंसें। कोई भी व्यक्ति ट्रेडिंग के जरिए किसी को 25 या 30 प्रतिशत का लाभ नहीं दे सकता है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि आम जनता ने टीवी में देखा होगा कि धोखेबाज लोग, जनता के पैसे से आलीशान जिंदगी जी रहे हैं। मैं हर नागरिक से आग्रह करता हूं कि अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न करें।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि असम पुलिस ने एक बड़े वित्तीय घोटाले का पर्दाफाश किया है, जिसमें दलाल, लोगों के पैसे दोगुना करने का वादा करके ऑनलाइन शेयर बाजार में फर्जी निवेश करते थे।

पुलिस ने इस मामले में गुवाहाटी निवासी स्वप्निल दास और डिब्रूगढ़ निवासी विशाल फुकन समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें अभी कई और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपी फुकन ने अपनी आलीशान लाइफस्टाइल का इस्तेमाल लोगों को लुभाने के लिए किया और अपने निवेशकों को 60 दिन के भीतर उनके पैसे पर 30 प्रतिशत रिटर्न देने का भरोसा दिया था। असमिया सिनेमा में निवेश करने के अलावा, उसने चार फर्जी व्यवसाय स्थापित किए और कई घर खरीदे। पुलिस ने डिब्रूगढ़ में उसके आवास पर छापा मारकर करोड़ों रुपये के घोटालों से जुड़ी फाइलें जब्त की हैं।

पुलिस अब असमिया कोरियोग्राफर और अभिनेत्री सुमी बोरा की तलाश कर रही है, जो कथित तौर पर फुकन के नेटवर्क से जुड़ी हुई है। राजस्थान के उदयपुर में सुमी बोरा की शादी में कथित तौर पर फुकन ने करोड़ों रुपये खर्च किए थे। सुमी का पति भी पुलिस की जांच के घेरे में है। फिलहाल वह फरार है।

पुलिस ने बुधवार को फुकन और दास को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया और उसकी सात दिन की हिरासत की मांग की।

## मणिपुर में सेना ने बरामद किए मोर्टार, एके-47 सहित अन्य घातक हथियार

मणिपुर । आरएनएस



मणिपुर राज्य के विभिन्न जिलों से बंदूकें, गोला-बारूद के अलावा अन्य युद्ध जैसे हथियारों और उपकरणों के भंडार की महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है। सेना के मुताबिक, बीते एक सप्ताह से अधिक समय से चल रहे सघन अभियानों में मोर्टार, एके-47, पिस्तौलें, हैंड ग्रेनेड, विस्फोटक समेत 50 से अधिक हथियार बरामद किए गए हैं। इनमें बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और अन्य युद्ध जैसे हथियारों के भंडार भी शामिल हैं।

सेना ने यह बरामदगी मणिपुर के अलग-अलग हिस्सों से की है। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में बुधवार को बताया कि भारतीय सेना और असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों के साथ संयुक्त अभियान शुरू किए हैं। इन संयुक्त अभियानों की एक श्रृंखला में, मणिपुर के विभिन्न जिलों में हथियारों व गोला-बारूद की महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है।

अभियानों में व्यापक योजना, खोजी कुत्तों, मेटल डिटेक्टरों और अन्य अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया गया। काकचिंग जिले में एक संभावित ठिकाने में विद्रोहियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स ने नौ हथगोले, एक स्टेन मार्क-वी राइफल, दो 12 बोर सिंगल-बैरल राइफल, दो 9 मिमी पिस्तौल और युद्ध सामग्री बरामद की।

मणिपुर के ही कांगपोकपी जिले में असम राइफल्स ने चांगसांग से एक सोवियत राइफल, एक स्थानीय निर्मित राइफल, एक बोल्ट एक्शन राइफल, एक 0.22 पिस्तौल, एक इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार और अन्य उपकरण बरामद किए। ऐसे ही एक अन्य तलाशी अभियान में मणिपुर से एक 51 मिमी मोर्टार, एक राइफल एमए-3 एमके-2, एक एके-47, दो कारतूसों से भरी बंदूकें, एक 303 राइफल, छह 9 मिमी पिस्तौल, सात सिंगल बैरल 12 बोर बंदूकें, दो 0.22 राइफल, 11 पोम्पी बंदूकें, 49 विस्फोटक उपकरण, हथगोले, आंसू गैस के गोले, गोला-बारूद और युद्ध जैसे भंडार मणिपुर हिल्स और अन्य इलाकों से बरामद किए गए।

सफल संयुक्त अभियानों के परिणामस्वरूप 50 से अधिक हथियार, बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और अन्य युद्ध जैसे हथियारों के भंडार बरामद हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, बरामद वस्तुओं को आगे की जांच और निपटान के लिए सेना ने मणिपुर पुलिस को सौंप दिया है।

## कंगना रनौत पर मुकदमा दर्ज करने की मांग, ट्रैक्टर ट्राली लेकर किसानों ने डाला थाने में डेरा

मेरठ । आरएनएस

फिल्म अभिनेत्री व सांसद कंगना रनौत द्वारा किसानों को लेकर दिए गए विवादित बयान पर बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। भाकियू किसान क्रांति के बैनर तले दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर कंकरखेड़ा थाने का घेराव करते हुए किसानों ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। किसानों ने कंगना के खिलाफ कंकरखेड़ा थाने में तहरीर दी है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन मलिक के नेतृत्व में बुधवार की सुबह आसपास के गांवों के सैकड़ों किसान दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर कंकरखेड़ा थाने पहुंचे। जहां उन्होंने सांसद व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। किसानों ने आरोप लगाया कि कंगना ने टीवी पर दिए गए इंटरव्यू में किसानों को दुष्कर्मी और हत्यारा बताकर देशभर के अन्नदाताओं का अपमान किया है। इससे पहले भी कंगना कई बार किसानों के लिए जहर उगल चुकी हैं।

उन्होंने कंगना के इस कृत्य को गंभीर अपराध बताते हुए थाने में उनके खिलाफ तहरीर दी। इसी के साथ मुकदमा दर्ज कर जल्द से जल्द कंगना को गिरफ्तार किए जाने की मांग की। किसानों ने राष्ट्रपति से भी कंगना की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने और उन्हें बर्खास्त किए जाने की मांग उठाई।

## अल्लू अर्जुन ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बाढ़ राहत के लिए दिए 1 करोड़ रुपए

हैदराबाद । आरएनएस

तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हाल ही में आई बाढ़ में हुए नुकसान से निपटने के लिए दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के राहत कोष में 1 करोड़ रुपये दान किए हैं। बुधवार को, अल्लू अर्जुन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बाढ़ के कारण हुई तबाही और पीड़ा को देखकर मैं बहुत दुखी हूं। इस मुश्किल समय में, मैं दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री राहत कोष में 1 करोड़ रुपये दान कर रहा हूं, ताकि राहत कार्यों में मदद की जा सके। सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता हूं।

इसके पहले, अभिनेता एनटीआर जूनियर ने भी बाढ़ राहत के लिए दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री राहत कोष में 1 करोड़ रुपये दान किए थे। उन्होंने भी सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी और पोस्ट में लिखा, भारी बारिश के कारण तेलुगू राज्यों में आई बाढ़ को देखकर मैं बहुत प्रभावित हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि तेलुगू लोग इस आपदा से जल्दी उबरें। मेरी ओर से, मैं आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सरकार के मुख्यमंत्री राहत कोष में 50 लाख रुपये प्रति राज्य दान कर रहा हूं ताकि राहत कार्यों में मदद की जा सके।

ज्ञात हो कि, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश के कारण 35 लोगों की मौत हो गई है, सडक़ों को नुकसान पहुंचा है, रेल पटरियां जलमग्न हो गई हैं, और फसलें भी प्रभावित हुई हैं। हालांकि कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घटने लगा है, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने तेलंगाना के चार जिलों- जयशंकर भूपलपल्ली, कोमराम भीम, मंचेरियल, और मुलुगू के लिए बुधवार को बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

## लखनऊ से शहडोल होकर कवर्धा छत्तीसगढ़ जा रही बस पलटी, 12 साल की बच्ची समेत तीन की मौत

शहडोल । आरएनएस



मध्य प्रदेश के शहडोल जिला अंतर्गत सिंहपुर थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ से लखनऊ जा रही यात्री बस पलट गई. घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 लोग घायल हो गए. घायलों को शहडोल के जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि यह बस छत्तीसगढ़ के कवर्धा से उत्तर प्रदेश के लखनऊ जा रही थी. कवर्धा से लखनऊ जा रही थी बस।

दुर्घटना का शिकार भोरमदेव ट्रैवेल्स की यात्री बस शनिवार देर रात अनियंत्रित होकर पलट गई. बस छत्तीसगढ़ के कवर्धा से लखनऊ जा रही थी. हादसे में बस में सवार यूपी के नादिर खान (26 वर्ष), महिमा कश्यप (12 वर्ष) सहित एक अन्य यात्री की मौके पर ही मौत हो गई.

**-तेज रफ्तार और अचानक झपकी बन गई हादसे का कारण**

यात्रियों का कहना है कि बस चालक ने ढाबे में शराब भी पी थी, और नींद में भी था। अचानक झपकी लग गई। बस की रफ्तार भी तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई है। लोगों का कहना है कि लखनऊ से जो चालक चढ़ा है, वह पूरा कवर्धा तक जाता है तो स्वाभाविक है कि नींद लगेगी। लगातार लंबी दूरी तक बस चलाने से थकान भी होगी।

**दो दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल**

बस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही शहडोल डीएम वंदना वैद्य मौके पर पहुंचीं. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया. फिर अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना. बता दें कि हादसे में 28 अन्य यात्री घायल हुए हैं. इनमें 10 घायलों को शहडोल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं 18 घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. फिलहाल घायलों का उपचार जारी है. घायलों में से पांच यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 37 लाख लोगों को 100 रुपए के कार्ड में मिलेगा एम्स और पीजीआई में इलाज, रेलवे ने लिया अहम फैसला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे ने स्वास्थ्य देखभाल नीति में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुएअपने कर्मचारियों, उनके आश्रितों के लिएअहम फैसला किया है।फैसले के तहत रेलवे कर्मचारियों को 100 रुपये वाला एक कार्ड दिखाने पर सीधे एम्स और पीजीआई जैसे अस्पताल में इलाज मिलेगा। कर्मचारियों के लिए एक यूएमआईडी कार्ड जारी किया जाएगा। इस कार्डका लाभ रेलवे पेंशनर्स को भी जारी होगा।रेलवे के पैनल में शामिल अस्पतालों और देश के सभी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों में मुफ्त इलाज करा सकेंगे।यह कार्ड 100 रुपये में बनेगा।यह नई व्यवस्था रेलवे से लगभग 12.5 लाख कर्मचारियों, 15 लाख से अधिक पेंशनर्स और करीब 10 लाख आश्रितों को लाभ होगा। रेलवे ने कहा है कि विशेष परिस्थितियों में, कुछ अस्पतालों के लिए रेफरल जारी किया जाएगा, जो 30 दिनों की अवधि के लिए वैध होगा। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक ट्रांसफॉर्मेशन प्रणव कुमार मलिक ने यूनिक मेडिकल आइडेंटिफिकेशन कार्ड जारी करने के आदेश दिया है।

### पंचकूला में दीवार गिरने से 3 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत

**पंचकूला (आरएनएस)।** हरियाणा के पंचकूला में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां एक दीवार गिरने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में राफिया (6), जिशान (2) और ईशान (5) शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद घायल ईशान को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। वहीं, दो बच्चे राफिया और जिशान की मौके पर ही मौत हुई है। इस घटना में साइना पुत्री नवाब को भी मामूली चोटें आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बच्चे दीवार के पास खेल रहे थे जब अचानक दीवार ढह गई। स्थानीय लोगों और राहत दल ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर मलबे से बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### व्हाटसएप पर मिला नौकरी का आफर, डॉक्यूमेंट्स स्कैन कर भेजे तो घर आया 250 करोड़ का जीएसटी बिल

**मुजफ्फरनगर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां साइबर अपराधियों ने एक बेरोजगार युवक को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बना लिया। युवक को फ्रॉड की जानकारी तब हुई, जब उन्हें जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) विभाग की तरफ से 250 करोड़ रुपये के ई-वे बिलिंग फ्रॉड का नोटिस मिला। जानकारी के अनुसार रतनपुरी थाना क्षेत्र के बड़सू गांव निवासी अश्वनी कुमार लंबे समय से बेरोजगार था। कुछ दिन पहले उसे वॉट्सऐप नंबर पर नौकरी के लिए मैसेज आया और उससे सारी डिटेल मंगवाई। साइबर अपराधियों के झांसे में आकर अश्वनी ने मांगे गए सभी डॉक्यूमेंट स्कैन कराकर और जीएसटी फॉर्मेट में भेज दिए। अश्वनी कुमार ने बताया कि उसे नौकरी तो नहीं मिली, लेकिन उनके नाम से एक फर्जी कंपनी और बैक अकाउंट खुल गया। स्कैमर्स ने फर्जी कंपनी और बैंक अकाउंट के जरिए 250 करोड़ रुपये के जीएसटी का ई-वे बिलिंग फ्रॉड कर लिया था। अश्वनी ने बताया कि इसकी जानकारी मुझे जीएसटी विभाग के नोटिस से मिली। विभाग ने मुझे बुलाया है और कार्रवाई करने की बात कही है। मैंने थाने में तहरीर भी दे दी है।

### एटलस साईकिल के पूर्व अध्यक्ष सलील कपूर ने की खुदकुशी, घर में खून से लथपथ मिला शव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की प्रसिद्ध साइकिल निर्माता कंपनी एटलस के पूर्व अध्यक्ष सलील कपूर ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, कपूर ने आज दोपहर करीब दो बजे अपने आवास पर खुद को गोली मार ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सलील कपूर ने डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम लेन स्थित अपने तीन मंजिला घर के ग्राउंड फ्लोर पर आत्महत्या की। परिवार के सदस्यों ने कपूर का शव पूजा कक्ष के पास खून से लथपथ पाया। उन्हें तुरंत एम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें कुछ लोगों पर उत्पीडऩ का आरोप लगाया गया है। फोरेंसिक एक्सपर्ट्स और स्थानीय पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं, और सुसाइड नोट की जांच की जा रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।